महत्वपूर्ण / प्राथमिकता

संख्या- 3 / 2017 / 2389 / 33-2-2017-216जी / 17

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायतें, उ0प्र0।

पंचायती राज अनुभाग-2 लखनऊ : दिनॉक 03 अगस्त, 2017

विषय : शासकीय सम्पत्तियों पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित कर भू-माफियाओं तथा अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राजस्व अनुभाग-2 के पत्र संख्या-613/1-2-2017-रा0-2, दिनांक 26-7-2017 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के निर्णय के अनुरूप जिला पंचायतों की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों एवं अतिक्रमिक भूमि को खाली कराये जाने के सम्बन्ध में भू-माफियाओं को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध अभियान चलाकर दिनांक 30-9-2017 तक ऐसे समस्त प्रकरणों के चिन्हीकरण एवं अग्रेतर वाद आदि दायर कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए संलग्न निर्धारित प्रारूप पर सूचना दिनांक 05-8-2017 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव ।

प्रतिलिपि- उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना संकलित कराकर शासन को दिनांक 05-8-2017 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

(महेन्द्र कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in